## आम बजट में इस बार प्रदेश को 3.63 लाख करोड़ का आवंटन


# यूपी को विकास के लिए 25 हजार करोड़ ज्यादा

■ हेमंत श्रीवास्तव

लखनऊ। केंद्र सरकार द्वारा मंगलवार को संसद में पेश वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यूपी में विकास की रफ्तार तेज होगी। केंद्रीय करों व शुल्कों, केंद्र सहायतित व केंद्रीय योजनाओं, विकसित भारत तथा विशेष सहायता योजना से यूपी को 3.63 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। जिससे यूपी में गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक विकास तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विकास के कई कार्यक्रम आगे बढ़ेंगे।

इस बार के केंद्रीय बजट से यूपी को केंद्रीय करों व शुल्कों से 2,23,737.23 करोड़ रुपये मिलेंगे। यह धनराशि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 से 25,601.39 करोड़ रुपये अधिक है। वित्तीय 2023-24 में यूपी को केंद्रीय करों व शुल्कों से 1,98,135.84 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं एक फरवरी को पेश 2024-25 के लिए अंतरिम बजट में इस मद में यूपी के हिस्से में 2,18,816.84 करोड़ मिलने का इंतजाम किया गया था। अब पूर्ण बजट में इस मद में यूपी को मिलने वाली धनराशि 4,920.37 करोड़ रुपये बढ़ा दी गई है।

केंद्र सहायतित योजनाओं में यूपी को 96 हजार करोड़ व केंद्रीय योजनाओं के लिए करीब 11500 करोड़ मिलेंगे। यूपी को 14000 करोड़ रुपये विकसित भारत योजना और 17939 करोड़ यूपी को विशेष सहायता के तहत मिलेंगे। इस प्रकार इस बजट से यूपी के चौतरफा विकास को गति मिलेगी।




### बजट में यूपी

**05** हजार करोड़ केंद्रीय करों व शुल्कों के मद में बढ़ोतरी हुई

**45** लाख के करीब पीएम आवास मिल सकते हैं यूपी को

**2.23** लाख करोड़ रुपये केंद्रीय करों और शुल्कों में हिस्सेदारी

■ गांवों से लेकर शहरों तक की योजनाओं में आएगी तेजी




## बजट विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज : योगी

लखनऊ, विसं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नई संसद में वित्त मंत्री ने देश का आम बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख, 140 करोड़ भारतवासियों की आशा, आकांक्षा और अमृतकाल के संकल्पों को पूरा करने वाला सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आम बजट 2024-25 आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। बजट में अन्नदाता किसानों की समृद्धि, कृषि व सहायक सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये और महिला सशक्तीकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश की आधी आबादी सर्वाधिक लाभान्वित होने वाली है।

➤यूपी को बड़ी हिस्सेदारी P02

## पीएम आवास व पीएम सूर्य घर योजना में यूपी को लाभ

लखनऊ, विसं। बजट से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना से यूपी के गरीबों को पक्का घर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों को लखपति दीदी बनाने की योजना को गति मिलेगी। लखपति दीदी बनाने में यूपी देश में सबसे आगे है। धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा के माध्यम से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना से यूपी में 20 लाख परिवारों को जोड़ा जा सकेगा।